कार्यवाही | नरसिंहपुर पुलिस को मिली सफलता

# चोरों से 10 मोटरसाईकिल जब्त की गई



**नवभारत/ नरसिंहपुर/** पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के द्वारा के द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं संपत्ति संबंधी अपराधियों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने हेतु लगातार अभियान चलाया जाकर समस्त थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों की धरपकड़ की जा रही है ।

थाना गाडरवारा पुलिस की दो टीमों के द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान दो संदिग्धों से चोरी गई मोटरसाईकलें बरामद की गई । पुलिस टीमों के द्वारा उक्त दोनों संदिग्धों से पृथक-पृथक पूछताछ करने पर उनके द्वारा गाडरवारा एवं नर्मदापुरम के विभिन्न स्थानों से मोटरसाईकलें चोरी करना स्वीकार किये ।

आरोपी मनीष पिता सुखराम जाटव उम्र 26 वर्ष निवासी तिगवाँ चौकी सिहोरा थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के पास से.

हीरो स्प्लेंडर मोटरसाईकल MP 49 ZF 9203, बजाज प्लेटीना MP 49 MG 4278, हीरो पेशन प्रो MP 05 ME 6370, हीरो आई-स्मार्ट MP 49 MR 0760, हीरो स्प्लेंडर MP 49 BA 5824, बजाज सीटी 100 – MP 49 MM 1365, बजाज प्लेटीना MP 49 MU 1085 जब्त की गई वही

धनंजय उर्फ छोटू कौरव पिता महेश कौरव उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम छैनाकछार थाना डोंगरगाँव जिला नरसिंहपुर के पास से बजाज सीटी 100 – MP 05 MT 9510, होंडा शाईन MP 40 MT 7845

आरोपी धनंजय उर्फ छोटू कौरव ने अपने मेमोरेंडम में दिनांक 21/12/2025 की रात मूनलाइट गार्डन के सामने काँच मंदिर के पास गाडरवारा से हीरो स्प्लेंडर मोटरसाईकल MP 49 MD 8970 चोरी करना एवं उक्त मोटरसाईकल उमेश कौरव निवासी सिलहैटी को बेचना स्वीकार किया । आरोपी उमेश कौरव के द्वारा हीरो स्प्लेंडर मोटरसाईकल MP 49 MD 8970 को कटर मशीन से काटकर खेत में छिपाना बताया । उमेश पिता दीनदयाल कौरव निवासी उम्र 25 वर्ष ग्राम सिलहैटी थाना डोंगरगाँव जिला नरसिंहपुर. के पास से हीरो स्प्लेंडर मोटरसाईकल MP 49 MD 8970 जब्त की गई।

### चोरी का तरीका

उक्त सभी शातिर मोटरसाईकल चोर मुख्यत: सार्वजनिक स्थानों, बैंक, सब्जी बाजार के आस-पास अथवा शादी गार्डनों को चिह्नित करते थे, जहाँ लोग अपनी मोटरसाईकल लापरवाही से बिना लॉक किये खड़ी कर देते थे । उन मोटरसाईकलों को उक्त आरोपीगण शातिर तरीके से चोरी कर ले जाते थे और शीघ्र पकड़ में ना आये इसके लिये सूने स्थान पर कुछ दिन तक वाहन छिपाकर रख देते थे ।

- कार्यवाही में सराहनीय भूमिका: उक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी. गाडरवारा रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक विक्रम रजक, उप निरीक्षक अर्जुन सिंह बघेल,गजराज सिंह, की सराहनीय भूमिका रही ।

## पति-पत्नी सहित बेटी के साथ की मारपीट

**नवभारत/ गाडरवारा।** जब लोगों के दिलों में किसी बात की बुराई बैठ जाती है तो वह सदा ही झगड़े पर उतारू रहने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दवस समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम कुड़ारी में देखने मिली। जहां पर पुरानी बुराई के चलते पति पत्नी सहित बेटी के साथ पड़ोस में ही रहने वाले सामाजिक लोगों द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुडारी नवासी एक महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि ग्राम कुडारी में मेरा मकान एवं वीरन, मट्ठू कीर का मकान आजू बाजू है। साबन के महीने मे वीरन कीर से विवाद हुआ था उसी बात की वीरन कीर तथा उसका परिवार बुराई रखते है। बीते हुये दिवस जब प्रार्थिया अपने देवर हरेन्द्र कीर के घर से अपने घर पैदल आ रही थी उसी समय रास्ते वीरन कीर, राम भरोस कीर, मट्ठू कीर व अजय कीर मिले जो पुरानी बुराई को लेकर प्रार्थिया को गंदी गंदी गालियां देने लगे। प्राथिया द्वारा जब गाली देने से मना किया तो उसके साथ लोहे की राड से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। इसके बाद जब प्रार्थिया का पति केहर सिंह तथा बेटी राधिका बीच बचाव करने के लिये।





## भ्रष्टाचार की भेंट चड़ा स्कूल भवन,पंचायत भवन में भविष्य गढ़ने को मजबूर नौनिहाल

**गोटेगांव।** शासन द्वारा स्कूल चले हम जैसे नारों और बच्चों की शिक्षा को लेकर किए जा रहे बड़े दावों की जमीनी हकीकत ग्राम पंचायत आंखीवाड़ा में कुछ और ही बयां कर रही है। यहाँ का एकीकृत शासकीय विद्यालय भवन भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के चलते समय से पहले ही जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो चुका है। स्थिति इतनी गंभीर है कि छात्र अपनी जान जोखिम में डालने के बजाय बीते जुलाई माह से ग्राम पंचायत भवन के कमरों में बैठकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार उक्त स्कूल भवन का निर्माण वर्ष 2010 में किया गया था, लेकिन महज 15 वर्षों में ही भवन की हालत इतनी बदतर हो गई कि इसकी छत से प्लास्टर झड़ने लगा है और लोहे की सरिया बाहर नजर आने लगी हैं। दीवारों में आई बड़ी-बड़ी दरारें किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रही हैं। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए जिला कलेक्टर के आदेश और जिला पंचायत सीईओ के हस्तक्षेप के बाद स्कूल में ताला लगाकर कक्षाओं को पंचायत भवन में स्थानांतरित किया गया है। वर्तमान में पंचायत के एक कक्ष और एक हॉल में कक्षाएं लग रही हैं, जबकि एक कक्ष का उपयोग किचन के रूप में हो रहा है। पंचायत भवन में स्कूल संचालित होने से अब पंचायत के प्रशासनिक कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। पंचायत अधिकारियों द्वारा अक्सर शिक्षकों से भवन खाली करने को लेकर मौखिक रूप से कहा जाता है, जिससे शिक्षकों के सामने संकट खड़ा हो गया है। विद्यालय में दो नियमित और दो अतिथि शिक्षक पदस्थ हैं।

## उधारी के पैसे मांगे तो महिला से की मारपीट

**नवभारत/ गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के पतलोन गांधी वार्डी नवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने मेंि शकायत दर्ज कराते हुये बताया हैि क जब वह अपने चाचा के घर पुराना बस स्टेन्ड गई हुई थी। उसी दौरान नर्मदा कालोनी निवासी नीरज साहू मिला जिसे प्रार्थिया द्वारा पैसा उधारि दये थें वह मांगे तो आरोपी द्वारा वापिस पैसा देने से इंकार करते हुये गंदी गंदी गालियां देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने पीडि़ता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### जान से मारने की धमकी देने वाले पर मामला दर्ज

**गाडरवारा।** सालीचौका पुलिस चौकी सेि मली जानकारी के अनुसार बीते हुयेि दवस ग्राम बसुरियाि नवासी अयोध्या प्रसादि पता सुख्राम वर्मा उम्र 65 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनीि शकायत दर्ज कराते हुये बताया हैि क जब मैं अपने घर के पास सो रहा था उसी दौरान घर के सामने रहने वाले कृष्णकांति पता राम दयाल वर्मा आया और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई।



## पूर्व विधायक ने ठाकुर बाबा क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस समीपी ग्राम खमरिया में पूर्व विधायक संजय शर्मा एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव दीवान शैलेंद्र सिंह द्वारा फीता काट कर श्री ठाकुर बाबा टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करने पहुंचे पूर्व विधायक एवं दीवान शैलेंद्र सिंह जी का आयोजन कमेटी एवं सभी ग्राम वासियों के द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। समिति अध्यक्ष प्रहलाद लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 32 टीम में भाग ले रही हैं। सभी मैच 10-10 ओवर के खेले जाश्वएंगे। सेमीफाइनल 12 व फाइनल मैच 15 ओवर का रहेगा।

## प्रशासन की लापरवाही या किसी बड़े हादसे का इंतजार


**नवभारत/ साईंखेड़ा।** नगर परिषद में नल-जल योजना के अंतर्गत चल रहा कार्य अब आमजन के लिए परेशानी और खतरे का कारण बनता जा रहा है। नगर के मध्य से गुजरने वाले मुख्य मार्ग स॥-44 पर सीएम राइज स्कूल चौराहे के पास पिछले एक सप्ताह से एक विशाल गड्ढा खुदा पड़ा है, जिसे अब तक न तो भरा गया है और न ही सुरक्षित किया गया है। यह गड्ढा केवल विकास कार्य का निशान नहीं, बल्कि हर पल मंडराता एक गंभीर हादसे का खतरा बन चुका है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चों का आना-जाना होता है। चौराहे के आसपास सीएम राइज स्कूल, चेतन विद्यालय और रेवा श्री स्कूल जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थान स्थित



हैं। इसके साथ ही NTPC के भारी ट्राले, गन्ने से भरी डबल ट्रॉलियां और रेत से लदे डंपर दिनभर इसी मार्ग से गुजरते हैं। गड्ढे के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। स्थिति को और गंभीर बनाता है नगर में सब्जी मंडी की उचित व्यवस्था का अभाव, जिसके चलते मुख्य मार्ग पर ही पैदल यात्रियों और खरीदारों की भीड़ लगी रहती है। ऐसे में यह गड्ढा बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। नल-जल योजना का कड़वा सच यह है कि योजना अभी शुरू भी नहीं हो पाई, लेकिन सड़कों की खुदाई पहले ही कर दी गई। खुदाई के बाद सड़क को वैसे ही छोड़ देना ठेकेदार और संबंधित प्रशासन की घोर लापरवाही को दर्शाता है। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतज़ार कर रहा है? नगरवासियों की स्पष्ट मांग है कि इस गड्ढे को तत्काल भरकर सड़क को दुरुस्त किया जाए, ताकि स्कूली बच्चों और आम नागरिकों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सके। विकास के नाम पर लापरवाही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी की जरूरत है।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**नवभारत/ चीचली।** समीपस्थ तेंदूखेड़ा घघरौला के पास एक युवक द्वारा शराब के नशे में मस्त होकर लापरवाही पूर्वक मोटर साइकिल चलाते हुये टक्कर मारे जाने के चलते युवक की हुई मौत के चलते पुसिल ने आरोपी चालक केि खलाफ मामला दर्जि कया गया है। घटना के संबंध में पुलिस थाने सेि मली जानकारी के अनुसार बीते हुयेि दवस नरेश कुमारि पता नंदि कशोर लोधी उम्र 32 सालि नवासी तेन्दूखेड़ा छोटा की सड़क दुर्घटना में हुई मौत को लेकर पुलिस द्वारा जांच करते हुये पायाि क बीते हुयेि दवस मृतक नरेश कुमार लोधी अपने भांजा घन श्यामि पता बाबू लाल लोधीि नवासी ग्रामि मढवानी देवरी के साथ न्यू स्पैलेण्डर मोटर साइकिल से चीचली कुछ समान



खरीदने केि लये गये हुये थें। जब वहां से बापिस आ रहे थें तो मोटर साइकिल घनश्याम चला रहा था। ग्राम तेदूखेडा घघरौला के बीच पहुंचे तो सामने गोटीटोरिया की ओर से एक मोटर साइकिल चालक अपनी मोटर साइकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये लाया और नरेश कुमार की मोटर साइकिल में सामने से टक्कर मार दी गई।

### एक नजर में



## छात्र-छात्राओं ने किया बरगी डैम का भ्रमण

**तेंदूखेड़ा।** शिक्षा केवल बंद कमरों और पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं है अपितु वास्तविक ज्ञान प्रकृति की गोद एवं ऐतिहासिक स्थलों के प्रत्यक्ष दर्शन से प्राप्त होता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी के छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय बरगी डैम का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं ने मां नर्मदा की लहरों पर बने सुप्रसिद्ध बरगी डैम का अवलोकन किया है। जहां छात्र-छात्राओं ने जल प्रबंधन एवं टरबाइन से हो रही बिजली उत्पादन एवं गेट खुलने लगे एवं जल स्तर आदि परियोजनाओं की कार्यप्रणाली को समझा। विशाल जल राशि को देखकर छात्र-छात्राएं रोमांचित हो उठे। भ्रमण के दौरान उन्होंने पारिस्थितिक तंत्र एवं सिंचाई में इसकी भूमिका के विषय में जानकारी प्राप्त की, भ्रमण में बरगी डैम का सूक्ष्म रूप से अवलोकन एवं बरगी डैम के उपरांत सुप्रसिद्ध समदड़िया मॉल का भी सूक्ष्मता के साथ अवलोकन बच्चों को कराया गया। बरगी डैम से छोड़े जा रहे मां नर्मदा के कल कल निनाद सुन बच्चे मंत्रमुग्ध हो गए। यहां बच्चों ने भूगोल के उन अध्यायों को भी जीवंत होते देखा जिन्हे वे अब तक केवल किताबों में पढ़ते आए थे। धुआंधार जलप्रपात की गर्जना एवं जलकणों की फुहारों ने छात्र-छात्राओं में अपार उत्साह भर दिया।



## पीएमश्री कन्या नवीन विद्यालय में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**गाडरवारा।** बीते शुक्रवार को नगर के शासकीय पीएमश्री कन्या नवीन उ मा विद्यालय में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण विषय की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसके अलावा विद्यालय स्तरीय जादू नहीं विज्ञान है कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें जादूगर सहित अन्य कार्यक्रम छात्राओं ने शिक्षक श्वेता सेन के निर्देशन में प्रस्तुत कर संदेश दिया कि आजकल जो अंधविश्वास, जादू टोना प्रदर्शित किया जाता है वह जादू नहीं है बल्कि विज्ञान है। जनशिक्षा केंद्र स्तरीय प्रदर्शनी में कन्या नवीन, बीटीआई, चिरहकला, सांगई, बगदरा, चामचोन, बरहटा, घूरपुर , निवारी आदि स्कूलों के छात्र छात्राओं के लिए मॉडल निर्माण,लघुनाटिका, पर्यावरण एकल गीत, सेमिनार आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन माध्यमिक वर्ग के लिए किया गया।

## नरसिंहपुर नगर की बदहाली के खिलाफ NSUI एवं युवा कांग्रेस का विरोध

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** नगर कचरे के ढेर में तब्दील हो चुका है। नालियाँ जाम हैं, चारों ओर बदबू फैली हुई है और जनता को पानी भी सिर्फ़ एक टाइम मिल रहा है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को पिछले कई महीनों से तनख़्वाह नहीं मिली है, जिसके कारण सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और अब यह हालात आम नागरिकों की बीमारियों का कारण बनते जा रहे हैं। जिम्मेदार जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए हैं। इसी गंभीर लापरवाही के विरोध में हस्ड्ढ द्वारा नगर पालिका का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह विरोध जनता और कर्मचारियों दोनों की आवाज है — अब चुप नहीं, जवाब चाहिए। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, किसान कांग्रेस, SC/ST कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, झुग्गी-झोपड़ी कांग्रेस सहित कांग्रेस के समस्त मोर्चा संगठनों की संयुक्त उपस्थिति है।



## एनसीसी यूनिट का निरीक्षण किया गया

**नवभारत/करेली।** विगत दिवस 1 एमपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नितिन शर्मा द्वारा नगर की समस्त एन सी सी यूनिट का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान एनसीसी का नॉमिनल रोल रजिस्टर, परेड रिफेसमेंट रजिस्टर, कैंप रजिस्टर, ट्रेनिंग रजिस्टर सहित तमाम रिकॉर्ड्स का निरीक्षण एवं रखरखाव देखा । निरीक्षण के द्वितीय चरण में कैडेट से चर्चा कर परेड ट्रेनिंग के दौरान दी जाने वाली सिखलाई की जानकारी प्राप्त की । यूनिटी एंड डिसिप्लिन के मायने एवं जीवन में उपयोगिता की जानकारी ली.कमांडिंग आफिसर कर्नल साहब द्वारा निरीक्षण को और सघन बनाए जाने की बात कही एवं प्रशिक्षण में कसावट लाने की हिदायत दी करेली नगर की समस्त एनसीसी यूनिट के क्रियाकलाप पर संतोष व्यक्त करते हुए और समय के साथ-साथ विकसित रहने की बात कही एनसीसी ट्रेनिंग छात्र को एक स्मार्ट सिटीजन बनने में सहायक है क्योंकि एन सीसी की ट्रेनिंग ऑफिसर लाइक क्वालिटी को डेवलप करती है जो भविष्य में एक सफल नागरिक बनती है।

## आदिशक्ति इलेवन विजेता, मां नर्मदा उपविजेता

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** विगत दिनो से ग्राम इमझिरा में चल रहे आईपीएल प्रीमियर लीग में आदिशक्ति इलेवन इमझिरा ने आसन जीत हासिल करते हुए टूर्नामेंट को अपने नाम किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे दीवान इंद्रजीत सिंह दीवान कृष्ण पाल सिंह के द्वारा हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन कर टास का सिक्का उछाला गया जो आदि शक्ति 11 इमझिरा के खाते में गया। आदिशक्ति टीम के कप्तान ने पहले क्षेत्र आरक्षण करने का फैसला लिया। निर्धारित 12 ओवर के फाइनल मैच में मां नर्मदा इलेवन क्रिकेट क्लब तेंदूखेड़ा की शुरुआत बहुत निराशा जनक रही। मैच के दूसरे ओवर में ही 13 रन बनाकर अपना पहला विकेट गवा दिया। और कोई भी खिलाड़ी बड़ा स्कोर बनाने में सफल नहीं हो सका। मैच की नवे ओवर में 61 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। आदिशक्ति इलेवन क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का क्षेत्र आरक्षण और



बालिंग बहुत घातक रही। जहां आदर्श ठाकुर द्वारा अपने तीन ओवर में 10 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। वहीं दूसरी पारी में बैटिंग करने उतरी आदिशक्ति इलेवन टीम द्वारा जोरदार शुरुआत दी गई। मैच के आठवें ओवर में ही दो विकेट के नुकसान पर अपनी जीत हासिल कर ली। सलामी बल्लेबाजी करने उतरे आदर्श ठाकुर द्वारा अपनी टीम के लिए महेश 12 गेंद में 32 रन बनाकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को बधाई करते हुए कहा कि वास्तव में ग्रामीण क्षेत्रों में अब प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस जरूरत है तो उन प्रतिभाओं को सही मार्गदर्शन और निर्देशन की जिससे वह अपनी उत्साह वह आनंदपूर्वक खेल का लुफ्त उठा सके वर्तमान में अनेक प्रतिभाएं ऐसी हैं जो ग्रामीण स्तरों से निकलकर जिला एवं राज्य स्तर तक खेलने के लिए जा रहे हैं। यदि समय-समय पर उनको सही मार्गदर्शन प्रदान किया जाए तो निश्चित ही वह अपने प्रदेश के साथ जिले का नाम भी रोशन करेंगे। समापन अवसर पर अन्य अतिथियों द्वारा भी संबोधित किया गया।

## वार्ड 4 में बच्चों की सुरक्षा के लिए बिछाई गई सुरक्षा कवच की परत

### पार्षद प्रतिनिधि प्रीति राजेश सोनी ने नई सड़कों पर लगवाए स्पीड ब्रेकर, हादसों पर लगेगा अंकुश



**नवभारत/ गाडरवारा।** शहर के वार्ड क्रमांक 4 में जन-सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पार्षद प्रतिनिधि श्रीमती प्रीति राजेश सोनी द्वारा एक बेहद सराहनीय और अनुकरणीय पहल की गई है। वार्ड में हाल ही में निर्मित हुई नवीन सड़कों पर वाहनों की तेज रफ्तार पर लगाम लगाने के उद्देश्य से जगह-जगह स्पीड ब्रेकर (गति अवरोधक) बनवाए गए हैं। इस कदम का मुख्य उद्देश्य वार्ड के नन्हे-मुन्ने बच्चों को सड़क हादसों से बचाना और सुरक्षित माहौल प्रदान करना है।

### क्यों महसूस हुई आवश्यकता

उल्लेखनीय है कि वार्ड में नई सड़कों के निर्माण के बाद बाइक चालकों और अन्य वाहन स्वामियों द्वारा तेज गति से वाहन चलाने की शिकायतें सामने आ रही थीं। चूंकि इन गलियों में छोटे-छोटे बच्चों का खेलना-कूदना लगा रहता है, ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के कारण किसी बड़ी अनहोनी या दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती थी। स्थानीय रहवासियों ने भी इस विषय में चिंता व्यक्त की थी।

### दुर्घटना मुक्त वार्ड बनाने का संकल्प

जनता की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पार्षद प्रतिनिधि प्रीति राजेश सोनी ने त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने वार्ड की प्रमुख अंदरूनी सड़कों पर मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर लगवाए। अब वाहन चालक इन रास्तों से तेज गति से नहीं गुजर सकेंगे, जिससे सड़क पार करने वाले बुजुर्गों और खेलने वाले बच्चों के लिए जोखिम कम हो जाएगा।

### जनता ने जताया आभार

पार्षद प्रतिनिधि की इस संवेदनशीलता की वार्ड वासियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। नागरिकों का कहना है कि विकास का अर्थ केवल बुनियादी ढांचा खड़ा करना नहीं, बल्कि नागरिकों की जान-माल की रक्षा करना भी है। श्रीमती सोनी की इस सक्रियता ने साबित कर दिया है। कि वे वार्ड की छोटी से छोटी समस्याओं के प्रति सजग हैं वार्ड का हर बच्चा मेरे परिवार के सदस्य जैसा है। नई सड़कें सुविधा के लिए हैं, न कि हादसों के लिए। वाहन चालकों से भी मेरा अनुरोध है कि वे रिहायशी इलाकों में गति धीमी रखें। हमारा लक्ष्य वार्ड 4 को एक सुरक्षित और आदर्श वार्ड बनाना है। प्रीति राजेश सोनी, पार्षद प्रतिनिधि.





## देश के सर्वमान्य नेता थे पंडित अटल बिहारी वाजपेयी

**नवभारत/ करेली।** जिला लोकतंत्र सेनानी संघ नरसिंहपुर की बैठक कैलाश सोनी राष्ट्री य अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सदस्य के मुख्य आतिथ्य एवं जिले के अध्यक्ष संतोष तिहैया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अवसर पर पं अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जन्म जयंती पर सोनी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि पं अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री ही नही थे वरन् वो संपूर्ण मानव समाज के सर्वमान्य् नेता थे। उन्होने अपने जीवन में राष्ट्र के विकास में हमेशा चिंतन किया। वो महान साहित्यकार कवि तथा दार्शनिक थे। उन्होने कभी भी किसी का दिल नहीं दुखाया था। वो देश के पहले नेता थे जिन्होरने 24 दलो को एकत्रित कर प्रधानमंत्री की कुर्सी पर आसीन होकर राष्ट्री के निर्माण में योगदान दिया था। इनके इस गठबंधन के प्रयोग ने देश की राजनीति को एक आदर्श प्रस्तुत किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तिहैया ने संघ की गतिविधि के साथ साथ अटल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला तथा अटल जी तिहैया जी के निवास पर वर्ष 1980 पधारे थे। उस वक्त के उन्होने संस्मरण सुनाये। कायक्रम के संघ के संरक्षक रमेश कोचर, मुन्नांलाल नामदेव, उपस्थित थे। कायक्रम का आभार प्रदर्शन लेखचंद कोचर ने किया।